कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर म0प्र0

//निविदा आमंत्रण सूचना//

जिला एवं सत्र न्यायालय ग्वालियर हेतु लेखन सामग्री के कय बावत् ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/विक्रेता/निर्माता अपनी निविदायें **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से 500/– रूपये की फीस जमा कर दिनांक 25.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 27.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जावेगी तथा प्रिविड मीटिंग दिनांक 13.06.2026 को रखी गई है। निविदा की शर्तें एवं सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी म0प्र0 उच्च न्यायालय की बेवसाईट **www.mphc.gov.in,** जिला न्यायालय ग्वालियर की बेवसाईट **https://gwalior.dcourts.gov.in** एवं **https://mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर
29 APR 2026

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर म0प्र0

:: निविदा शर्तें ::

1— निविदा https:/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदायें प्रधान जिला न्यायाधीश, ग्वालियर के नाम से दिनांक 25.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक सिर्फ Online Mode में ही प्राप्त की जायेगीं। उक्त निविदा दिनांक 27.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी।

2— निविदा से संबंधित शर्तें एवं प्रदाय किये जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in, जिला न्यायालय ग्वालियर की वेबसाईट www.districts.ecourts.gov.in एवं https:/mptenders.gov.in से डाउनलोड की जाकर रूपये 500/— रूपये **ऑनलाईन फीस जमा** कर दिनांक 25.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक https:/mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत की जा सकती है।

3— नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।

4— आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाये जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

5— निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में 20000/— रूपये की ईएमडी राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी।

6— प्रधान जिला न्यायाधीश ग्वालियर को यह अधिकार होगा कि, ऑनलाईन निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार एक से अधिक निविदाकारों से प्रथक—प्रथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते हैं।

7— जिन निविदाकार की निविदा स्वीकार की जायेगी उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपोजिट के रूप में 20,000/— रूपये की राशि माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, ग्वालियर के नाम से फिक्स डिपॉजिट के रूप में जमा करनी होगी। **https:/mptenders.gov.in** पर उन निविदाकार की जमा ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि AOC की कार्यवाही कर मुक्त कर दी जावेगी।

8— निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

9— निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकार के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

10— निविदाकार द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

11— प्रदाय की गई कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की ना होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सभी सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

12— सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।

13— निविदा की दरें वर्तमान में प्रचलित लेखन सामग्री संबंधी अनुबंध दिनांक 29.07.2026 के पश्चात से एक वर्ष तक मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी एक और वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।

14— निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, स्पष्ट करें।

15— लेखन सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कम्पनियों के नाम अंकित हैं, केवल उन्हीं कंपनियों की सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।

16— सभी लेखन सामग्री के ब्रान्डेड/नान ब्रान्डेड के नमूने स्वयं उपस्थित होकर अथवा कोरियर के माध्यम से सील बंद पैकेट में प्रीविड मीटिंग दिनांक 13.06.2026 को प्रेषित किये जा सकेगें तथा निविदा खोली जाते समय क्रय समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

17— किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्वालियर को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

18— शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

19— सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

20— वित्तीय एवं तकनीकी विड https:/mptenders.gov.in के माध्यम से प्रथक–प्रथक प्रस्तुत की जाएगी।

21— निविदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी विड खोली जायेगी। जिन निविदाकारों द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी विड से संबंधित चाहे गये आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जायेगें, उन निविदाकारों की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। तकनीकीं विड में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय विड खोली जायेगी।

22— निविदाओं द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई हैं, वह अनुबंध अवधि (वर्तमान में प्रचलित लेखन सामग्री संबंधी अनुबंध दिनांक 29.07.2026 के पश्चात से 1 वर्ष हेतु) तक यथावत रहेगीं निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

23— निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु ग्रन्थपाल, ग्रन्थालय अनुभाग, ग्वालियर के मोबाईल क्रमांक 9109595719 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर 2026

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता :–

परिशिष्ट–ए
लेखन सामग्री

क्र.	सामग्री का नाम विवरण सहित	01 वर्ष में क्रय की जाने वाली संभावित सामग्री	प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी	निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग दर जीएसटी रहित	निविदाकर्ताद्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग दर जीएसटी सहित
1	जजमेन्ट पेपर हरे ए–4 साईज	700 पैकेट	जे.के.कंपनी 80 जी. सी.एम.		
2	ए–4 फोटो स्टेट पेपर	5000–6000 पैकेट लगभग	सैन्चुरी कंपनी के 80 जी. सी.एम.		
3	ए–4 फोटो स्टेट पेपर	5000–6000 पैकेट	जे.के. कंपनी के 80 जी. सी.एम.		
4	एफ.एस. साईज पेपर सफेद	100 पैकेट	जे.के. कंपनी के 75 जी. सी.एम.		
5	कार्बन पेपर	50 पैकेट	कोरस कंपनी		
6	मार्कर पेन पतले वाले काले / लाल / नीले	100–100 नग	कोरस कंपनी		
7	मार्कर पेन मोटे वाले काले / लाल / नीले	100–100 नग	कोरस कंपनी		
8	पेशी पैड	1500 नग	जम्बूदीप कंपनी		
9	स्टाम्प पैड प्लास्टिक (मीडियम)	300 नग	अशोका कंपनी		
10	गोंद शीशी (150 एम.एल.)	100 नग	कोरस कंपनी		
11	गोंद शीशी (150 एम.एल.)	100 नग	कैमल कंपनी		
12	आलपिन (टी पिन)	1000 डिब्बी	जीरेस कंपनी		
13	आलपिन (टी पिन)	1000 डिब्बी	पोनी कंपनी		

14	स्टेपलर मशीन (छोटी) 10 नं.	400 नग	कंगारू कंपनी		
15	स्टेपलर पिन (छोटी) 10 नं.	1000 नग डिब्बी	कोरस कंपनी		
16	स्टेपलर मशीन (बड़ी) एच.पी.45	100 नग	कंगारू कंपनी		
17	ब्राउन टेप 2 इंच 65 M	100 नग	बण्डर कंपनी		
18	ब्राउन टेप 1 इंच 65 M	100 नग	बण्डर कंपनी		
19	सैलो टेप सफेद 2 इंच 65 M	200 नग	बण्डर कंपनी		
20	सैलो टेप सफेद 1 इंच 65 M	1000 नग	बण्डर कंपनी		
21	व्हाईटनर पैन	100 नग	कोरस कंपनी		
22	पायलेट पैन व्ही.5	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार	लग्जर कंपनी		
23	स्टाम्प पैड इंक 30 एम.एल.	500 नग	अशोका कंपनी		
24	लाल–नीली पेन्सिल	100 नग	कैमिल कंपनी		
25	सफेद लिफाफा 9 गुणा 4	500 नग	ताजमहल कंपनी		
26	शॉर्टहैण्ड नोट बुक 200 पेज	500 नग	प्रगति कंपनी		
27	फेविस्टिक छोटी	100 नग	कोरस कंपनी		
28	फेविस्टिक छोटी	100 नग	फेविकोल कंपनी		
29	रेनॉल्ड जॉटर पैन ऐरो सॉफ्ट	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार	रेनॉल्ड कंपनी		
30	मॉनटैक्स जैल पेन	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश	मॉनटैक्स कंपनी		

		महोदय के आदेशानुसार			
31	लाईनदार रजिस्टर नं.2 पतला	100 नग	–		
32	सूजा मूठदार धागा पिरोने वाला (बड़ा वाला) गारंटी वाला	300 नग	–		
33	लच्छी बड़ी हरी वाली 32 इंची	1000 नग	–		
34	लाईनदार रजिस्टर नं. 12 मोटा वाला	100 नग	–		
35	लच्छी छोटी	500 नग	–		
36	ब्राउन लिफाफा 9 X 4	4000 नग	–		
37	ब्राउन लिफाफा 11 X 5	5000 नग	–		
38	हाजरी रजिस्टर (मोटा वाला)	50 नग	–		
39	पेपर वेट	700 नग	–		
40	फाईल कवर मय प्रिन्टिंग हेंड मैड	40000 नग	–		
41	टेबल टॉप	100 नग	–		
42	स्टेपलर मशीन (बड़ी) 10 नं.	100 नग	कंगारू कंपनी		
43	पिन कुशन	50 नग	प्रीमियर कंपनी		
44	लिफाफा ए–4 साईज पीला	2000 नग	–		
45	लिफाफा पीला 16 X 12	200 नग	–		
46	हाईलाईटर ग्रीन वाले	50 नग	कोरस कंपनी		
47	टिकिट कटर	100 नग	कंगारू कंपनी		
48	गोंद ट्यूब	2000 नग	कोरस कंपनी		
49	कैंची बड़ी	50 नग	–		

50	फ्लैग रंगीन	300 नग	डिसमेंट कंपनी		
51	स्टेपलर पिन (बड़ी) एच.पी. 45	100 डिब्बी	कंगारू कंपनी		
52	टेप डिस्पेंसर मशीन	100 नग	प्रीमीयर कंपनी		
53	वाटर स्पंच डिब्बी	500 नग	प्रीमीयर कंपनी		
54	चपड़ी	100 डिब्बी	–		
55	पेन स्टेण्ड बड़े	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार	लग्जर कंपनी		
56	कलर फ्लेग प्लास्टिक वाले	100 नग			
57	पारकर पैन वेक्टर गोल्ड	15 नग	–		
58	पारकर पैन (फोली रोज गोल्ड)	15 नग	–		
59	प्लास्टिक फाईल फोल्डर (अधिवक्ता / न्यायाधीशगण की ट्रेनिंग हेतु)	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार	–		
60	स्पायरल डायरी (अधिवक्ता / न्यायाधीशगण की ट्रेनिंग हेतु)	श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार	–		

टीप :–

1. उपरोक्त तालिका में दर्शित क्रय की जाने वाली लेखन सामग्री की संख्या संभावित है, जिसमें आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. उपरोक्त तालिका में जिन लेखन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित है, उन्हीं कंपनी की सामग्री की दर निविदाकर्ता प्रस्तुत करे एवं जिन लेखन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित नहीं है, उनमें निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित किया जावे।
3. उपरोक्त तालिका में दरें अंकित न करें। सभी दरें केवल ऑनलाईन Financial Bid में ही प्रस्तुत की जायें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर
29 APR 2026

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता :–

परिशिष्ट–बी
तकनीकी बिड में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज

क्रमांक	दस्तावेजों का विवरण	रिमार्क
1	ई.एम.डी. राशि 20000/–	
2	पेन नंबर	
3	आयकर विवरणी	
4	जीएसटी रजिस्टेशन	
5	ऑनलाईन निविदा फीस 500/– रूपये जमा की रसीद	